# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**दिनांक 29.08.2024 बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ परिसर के सभागार में आयोजित कार्य परिषद की बैठक संख्या 13/2024 का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थितिः–**

बैठक में सम्मानित सभी सदस्यों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया। उपस्थिति निम्नवत् है–

| क्रं. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | प्रो0 शर्वेश पाण्डेय | प्राचार्य, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ | सदस्य |
| 4. | प्रो0 ऋषिकेश सिंह | प्राचार्य, श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय पी0जी0 कालेज, लालगंज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | प्रो0 जय सिंह | प्राचार्य, राजकीय महिला पी0जी0 कालेज, अम्बारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 6. | डॉ0 ज्ञान प्रकाश वर्मा | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल | सदस्य |
| 7. | श्री जग नारायण झा | वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | विशेष आमंत्रित |
| 8. | श्री विशेश्वर प्रसाद | कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सचिव |

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना (पत्रांक– 4188/कु0का0/2024, दिनांक 17.08.2024) व कार्यसूची ई–मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से बैठक से पूर्व उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

**मद सं0 1–** दिनांक 27.07.2024 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–1)**।

**निर्णय–** कार्य परिषद द्वारा अपनी पूर्व बैठक दिनांक 27.07.2024 के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टीकरण किया गया।

**मद सं0 2–** दिनांक 25.07.2024 एवं 28.08.2024 को सम्पन्न हुई विद्वत परिषद की बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्तों की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–2)**।

**निर्णय–** कार्य परिषद द्वारा दिनांक 25.07.2024 एवं 28.08.2024 को सम्पन्न हुई विद्वत परिषद की बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टीकरण किया गया।

**मद सं0 3–** दिनांक 16.08.2024 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–3)**।

**निर्णय–** कार्य परिषद द्वारा दिनांक 16.08.2024 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बैठक का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टीकरण किया गया।

**मद सं0 4–** दिनांक 16.08.2024 को सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–4)**।

**निर्णय–** कार्य परिषद द्वारा दिनांक 16.08.2024 को सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टीकरण किया गया।

**मद सं0 5–** दिनांक 20.08.2024 को सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–5)**।

**निर्णय–** कार्य परिषद द्वारा कार्यवृत्त का अवलोकन कर यह निर्णय लिया गया कि वित्त समिति की बैठक के **मद संख्या–3 के निर्णय के क्रमांक 5 में** लिए गए निर्णय में ''विभिन्न समिति के वाह्य सदस्यों को विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस से बाहर रहने पर होटल चार्ज देय होगा'' में ''विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित होटल/गेस्ट हाउस'' शब्द भी जोड़ दिए जाए, तथा **मद संख्या–5 के निर्णय के क्रमांक 1 में** ''छात्र कल्याण अधिष्ठाता/प्राक्टर/चीफ वार्डन, 2. वार्डन, 3. सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठता/सहायक प्राक्टर/सहायक वार्डन हेतु निर्धारित रू0 1000 कन्वेंस चार्ज'' में ''प्रतिमाह'' शब्द जोड़ा जाए। तत्पश्चात् वित समिति के कार्यवृत्त/निर्णयों का विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टीकरण किया गया।

कार्य परिषद परिषद द्वारा सर्वसम्मति से यह भी निर्देशित किया गया कि नवस्थापित विश्वविद्यालय के संचालन, पठन–पाठन व अन्य शैक्षणिक व शोध गतिविधियों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय हित में आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति हेतु तत्परता से अतिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**मद सं0 6–** बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित ऐसे महाविद्यालय जिनका नाम बी0एड0 प्रवेश परीक्षा सत्र 2024–26 में प्रवेश हेतु छात्र आवंटन के लिए कांउसिलिंग के निमित्त प्रवेश परीक्षा

आयोजक विश्वविद्यालय बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी को कतिपय कारणों से प्रेषित नहीं किया जा सका था, के सम्बन्ध में विचार।

**निर्णय–** उपरोक्त प्रकरण में समुचित विचारोपरान्त कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ऐसे महाविद्यालय जिनको पूर्व में स्थाई/अस्थाई सम्बद्धता प्राप्त है परन्तु उनके शिक्षकों, प्राचार्यों की नियुक्ति अस्थाई सम्बद्धता वाले महाविद्यालयों के प्रकरण स्थाई सम्बद्धता हेतु, विश्वविद्यालय स्तर पर, कांउसिलिंग हेतु नाम भेजे जाने की अन्तिम तिथि से पूर्व से विचाराधीन/लम्बित हैं तो उनके नाम निर्धारित/अनुमोदित सीटों की संख्या के साथ सत्र 2024–26 में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजक विश्वविद्यालय बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी को शीघ्र भेज दिये जाए तथा विश्वविद्यालय में लम्बित इनकी पत्रावलियों की शीघ्र निस्तारित किया जाए ताकि तत्पश्चात् एक माह के अन्तर्गत वे महाविद्यालय इंगित कमी/कार्य को पूरा करके विश्वविद्यालय में वांछित पत्राजात जमा करा दें। यदि वे महाविद्यालय निर्धारित अवधि में इंगित कमी/कार्य पूर्ण नहीं करते हैं तो उक्त महाविद्यालयों सत्र 2024–26 में प्रवेशित बी0एड0 छात्रों के परीक्षा फॉर्म न भरवाए जाए।

**अन्य बिन्दु मा0 कुलपति जी की अनुमति से–**

**बिन्दु सं0 1–** कार्य परिषद ने विचार–विमर्श किया कि नवस्थापित महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का प्रथम फेज का निर्माण कार्य जनवरी 2024 में पूर्ण हो चुका है जिसका लोकापर्ण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 10 मार्च, 2024 को किया जा चुका है तथा 18 जुलाई, 2024 से विश्वविद्यालय अपने भवनों/परिसर में संचालित है। गत सत्र 2023–24 से 17 पाठ्यक्रम प्रारम्भ कर दिए थे। वर्तमान सत्र 2024–25 में 09 नए पाठ्यक्रम और मिलाकर कुल 26 पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जा रहें है, जिनमें प्रवेश की अन्तिम तिथि 31 अगस्त 2024 है। नवस्थापित विश्वविद्यालय की आवश्यकता, समुचित विकास एवं प्रसार के दृष्टिगत कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नलिखित भवनों (द्वितीय चरण) के निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का निर्देश दिया गया।

| क्र. | द्वितीय चरण हेतु कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तावित भवन |
|---|---|
| 1 | आडिटोरियम–1 1000 से 1200 सीटों की क्षमता का |
| 2 | कॉन्फ्रेंस हॉल– 400 सीटों की क्षमता का |
| 3 | शैक्षणिक भवन–3 ब्लॉक |

| | |
|---|---|
| 4 | मूल्यांकन भवन (G+4) |
| 5 | स्वास्थ केन्द्र–1 ब्लॉक |
| 6 | मेंटेनेन्स केन्द्र + स्टोर–1 ब्लॉक |
| 7 | टाइप 5 भवन–2 (20 हाउस) |
| 8 | टाइप 4 भवन–3 (50 हाउस) |
| 9 | टाइप 3 भवन–11 (66 हाउस) |
| 10 | गर्ल्स हॉस्टल–3 ब्लॉक |
| 11 | बॉयज हॉस्टल–3 ब्लॉक |
| 12 | रिसर्च हॉस्टल–1 ब्लॉक |
| 13 | अतिथि गृह (G+3) |
| 14 | स्पोटर्स स्टेडियम–1 ब्लॉक |

**बिन्दु सं0 2–** डॉ0 ऋषिकेश सिंह, प्राचार्य, श्री कृष्णा गीता राष्ट्रीय पी0जी0 कॉलेज, लालगंज, आजमगढ़ (कार्य परिषद सदस्य) द्वारा अशासकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रबंध समिति के चुनाव के समय विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त करने हेतु वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कार्य परिषद द्वारा किये गये प्रावधानानुसार महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में भी पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाने के प्रचलन को विश्वविद्यालय की कार्य परिषद से अनुमोदित कराया जाए।

उक्त प्रकरण पर समुचित विचारोपरान्त माननीय कार्य परिषद सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से महाविद्यालयों के प्रबंध समिति के चुनाव हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा पर्यवेक्षक नामित/नियुक्त करने हेतु निर्णय लिया। विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति की चुनाव प्रक्रिया में उपस्थित होकर नियमानुसार व निर्विवाद चुनाव सम्पन्न होने के सम्बन्ध में अपनी सुस्पष्ट आख्या प्रस्तुत करेंगे।

**बिन्दु सं0 3–** मा0 कुलपति जी द्वारा कार्य परिषद सदस्यों को महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कुलपति पद पर नियुक्ति सम्बन्धी निर्गत विज्ञापन संख्या ई–6347/2024, दिनांक 22.08.2024 के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


अन्त में मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक का समापन किया गया।

**(विशेश्वर प्रसाद)**
कुलसचिव एवं सचिव–कार्य परिषद

**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्य परिषद

# दिनांक 29 अगस्त 2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे सम्पन्न हुई "कार्य परिषद" की "13वीं बैठक" में उपस्थित सम्मानित सदस्यों के हस्ताक्षर :-

| क्र० | नाम | पद | मो० नं० | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो० प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति एवं अध्यक्ष कार्य परिषद | - | [signature] |
| 2. | प्रो० हृषिकेश सिंह | सदस्य | 9415458974 | Singh. |
| 3. | प्रो० जय सिंह | सदस्य | 9369588140 | [signature] |
| 4. | प्रो० प्रेमचन्द्र [illegible] | सदस्य | 7991302289 | [signature] |
| 5. | प्रो० शर्वेश पाण्डेय | प्राचार्य / सदस्य | 9415219227 | [signature] |
| 6. | डॉ० ज्ञानप्रकाश वर्मा | क्षे०/प्र० उच्च शिक्षाधिकारी | 9415662983 | [signature] |
| 7. | डॉ० ए०के० वर्मा | F.O. | 9450955465 | [signature] |
| 8. | विश्वेश्वर प्रसाद | कुलसचिव एवं सचिव कार्य परिषद | — | [signature] |

[signature] 29.08.24

